2 | फरीदाबाद
राजनीतिक संरक्षण की भेंट चढ़ा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

6 | अभिमत
आखिर ट्रस बन गईं ब्रिटिश प्रधानमंत्री

9 | देश/विदेश

11 | सेहत
एक रोग रहेगा निमोनिया से दूर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, शुक्रवार, 09 सितंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने विश्व कप 2023 के लिए ड्रॉ घोषित किए
पेज - 12

# प्राचार्य डॉ कृष्णकांत रजत पदक से सम्मानित

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया प्राचार्य को सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



चंडीगढ़ हरियाणा राजभवन के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता को रजत पदक से सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**हरियाणा** राजभवन चंडीगढ़ में आयोजित यूथ रेडक्रॉस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता को रजत पदक से सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान वर्ष 2019-20 में उनके द्वारा यूथ रैडक्रॉस से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को महाविद्यालय में संचालित करने के लिए एवं अन्य संबंधित उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय को भी यूथ रैडक्रॉस शील्ड से नवाजा गया। साथ ही महाविद्यालय के यूथ रैड क्रॉस काउंसलर डॉ जयपाल सिंह, विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग को भी यूथ रैडक्रॉस काउंसलर अवार्ड से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी महाविद्यालय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य और यूथ रैडक्रॉस काउंसलर डॉ जयपाल सिंह को भिन्न-भिन्न अवसरों पर महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाता रहा है। महाविद्यालय अपनी यूथ रैडक्रॉस की इकाइयों के स्वयंसेवकों और काउंसलरस के माध्यम से भिन्न-भिन्न गतिविधियां जैसे कि रक्तदान शिविर, एनीमिया जांच एवं उपचार शिविर, नेत्रदान, आत्मसुरक्षा के लिए छात्राओं को कार्यशाला, एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर, अंगदान स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य वार्ता, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर, दंत जांच शिविर, गोद लिए हुए गावों में स्वास्थ्य जांच शिविर, नशा मुक्ति,स्वच्छता, पर्यावरण एवं सड़क सुरक्षा आदि से संबंधित कार्यक्रम एवं रैलियां, वृक्षारोपण, जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता इत्यादि स्वयं एवं प्रशासन के साथ मिलकर प्रतिवर्ष कराता रहता है।